## एक नजर में

### कालीसिंध नदी का संरक्षण कार्य जारी

**राजगढ़ 06 अप्रैल, का.** जल है तो कल है के संदेश के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में व्यापक जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है. कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्थानीय प्रशासन ने इस अभियान को जिले में सक्रिय रूप से संचालित किया. विकासखण्ड सारंगपुर स्थित भगवान कपिल मुनि की पावन तपोस्थली एवं कालीसिंध के दिव्य तट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन अवसर पर, स्वच्छता और जल संरक्षण की दिशा में अधिकारियों, कर्मचारियों और सामाजिक धार्मिक संस्थाओं ने मिलकर श्रमदान किया. इस कार्य में प्रदेश सरकार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल के नेतृत्व में स्थानीय जनता ने सक्रिय भागीदारी निभाई. साथ ही अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नगर पालिका अध्यक्ष विकास करोड़िया, निलेश वर्मा, जन अभियान परिषद महादेव मित्र मंडल और पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्य सहित अन्य नागरिकों ने भी सहयोग किया. अभियान के तहत नदी और घाट की सफाई के साथ–साथ जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया. इस पहल से क्षेत्र में जल संरक्षण की महत्ता को व्यापक रूप से समझाया जा रहा है और नदी का जल शुद्ध एवं संरक्षित रहेगा.

### भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**ब्यावरा 06 अप्रैल, का.** भारतीय किसान संघ ने मध्य प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन दिया है जिसमें गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी शीघ्र शुरू करने, खरीदी में किसी प्रकार की लिमिट न लगाई जाए. तौल कॉटों एवं तुलावटी हम्माल की संख्या बढ़ाई जाए और बारदाना पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहे. जिन किसानों ने सरकारी खरीदी शुरू होने से पहले मजबूरी में मंडियों में कम दाम पर गेहूँ बेचा है, उन्हें समर्थन मूल्य के अंतर की राशि भावांतर योजना के तहत दी जाए. गेहूँ खरीदी में हुई देरी के कारण जिन किसानों के जिला सहकारी बैंक खाते ओवरड्यू हो गए हैं और उन्हें ब्याज व पेनल्टी देनी पड़ रही है, अत: बैंक की खाता पलटी की तारीख बढ़ाकर 30 अप्रैल की जाए. जिला सहकारी बैंक में खाता पलटी की प्रक्रिया को वार्षिक किया जाए, जिसकी समय सीमा प्रतिवर्ष 15 मई तक हो. किसानों पर गेहूँ की नरवाई जलाने पर थ्स् और चालानी कार्यवाही की जा रही है, इसे तुरंत बंद किया जाए. अगर कार्यवाही की गई, तो भारतीय किसान संघ इसके विरोध में जेल भरो आंदोलन करेगा. गेहूँ की नरवाई में गेहूँ और भूसा काटने के बाद केवल ठूंठ रह जाता है। इसे चावल की नरवाई (जो कई दिनों तक जलती रहती है) की तरह न समझा जाए। जब तक इसके ठोस निष्पादन का उपाय नहीं होता तब तक कोई कार्यवाही न की जाए. जिले में हो रहे भूमि अधिग्रहण का मुआवजा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रजिस्ट्री के छांट बिक्री पत्र, अधिकतम बाजार मूल्य की रजिस्ट्री, जमीन के भविष्य के उपयोग, क्षेत्र में हो रहे विकास एवं आगामी वर्षों में उक्त भूमि की संभावित कीमत के आधार पर दिया जाए. इस मौके पर जिला मंत्री अशोक जाट, तहसील अध्यक्ष बलराम यादव, मीडिया प्रभारी देविसिंह सौंधिया, गोकुल प्रसाद यादव, लक्ष्मीनारायण यादव, रमेशचन्द्र नागर, भंवरलाल यादव बबलू भीलाला सहित किसान मौजूद थे.

# अपने आश्वासनों पर खरे नहीं उतरे कलेक्टर साब..!

## ये आरोप लगाते हुए सहकारिता कर्मचारियों ने जताया रोष, कहा दो आश्वासनों के बाद भी सूची जारी नहीं, 8 अप्रैल से हड़ताल

**मामला पैक्स कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का**

**8 अप्रैल से कलमबंद हड़ताल शुरू**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 अप्रैल, का. सोमवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित जिले के सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के पूरे नहीं होने पर मोर्चा खोल दिया है. इतना ही नहीं ज्ञापन में कलेक्टर यानी जिला प्रशासक को दो टूक कहा है कि आप अपने आश्वासनों पर खरे नहीं उतर रहे है. कलेक्टर द्वारा अनुमोदित नोटशीट में तय दिनांक तक सहायक संस्था प्रबंधकों की पदौन्नति संबंधि सूची का प्रकाशन नहीं होने एवं जारी पत्र में दिये गये आश्वासन 30 मार्च तक सूची चस्पा नहीं होने तथा निलंबित कमप्यूटर ऑपरेटरों को बहाल नहीं करने के संबंध में सहकारी संस्था के कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है. साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के बाहर वे धरने पर बैठ गए. कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा है.**

ज्ञापन में कहा है कि महासंघ द्वारा पैक्स कर्मचारियों की लंबित मांगो को लेकर पिछले 20 फरवरी से जिले की सभी सहकारी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन कलमबंद धरना प्रदर्शन का आव्हान किया था. इसके बाद कलेक्टर द्वारा 23 फरवरी को खुजनेर हनुमान मंदिर पर एक सप्ताह में संस्था में कार्यरत सहायक संस्था प्रबंधकों में से 60 प्रतिशत समिति प्रबंधकों के पदो पर पदौन्नति हेतु पात्र अपात्र सुची का प्रकाशन पर सहमति के दौरान हडताल स्थगित कर दी गई थी. लेकिन मामले में 08 मार्च तक सूची का प्रकाशन नहीं किया गया.

संगठन ने 09 मार्च को सूचना देकर पुन: हडताल प्रारंभ की. जिस पर कलेक्टर द्वारा लिखित में नोटशीट जारी कर 25 मार्च तक सूची का प्रकाशन करने का दूसरी बार आश्वासन दिया. लेकिन इस बावजूद 25 मार्च तक भी कोई सूची जारी नहीं की गई है.

### 8 अप्रैल का समय दिया, वरना धरना

ज्ञापन में संगठन ने कहा कि यदि पत्र में दर्शाई गई मांगों पर निराकरण तत्काल नहीं किया जाता तो आगामी 08 अप्रैल से कलमबंद हडताल धरना प्रदर्शन किया जावेगा. समितियों के कर्मचारियों के हडताल धरना पर रहने के दौरान शासन प्रशासन के महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होते हैं तो उसकी जवाबदारी समितियों के कर्मचारियों की नहीं होगी. ज्ञापन की प्रतिलिपियां मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, प्रमुख सचिव, प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग, आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, प्रबंध संचालक अपैक्स बैंक भोपाल, कलेक्टर/प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ को सौंपी गई है.

### जिले के समिति प्रबंधक छोड़ेंगे प्रभार

आश्वासन पूरे नहीं होने का हवाला देते हुए संगठन ने कहा कि प्रभारी समिति प्रबंधकों द्वारा प्रभार छोडने का निर्णय भी लिया गया है. प्रशासक यानी जिला कलेक्टर द्वारा संस्थाओं के 3 कम्प्यूटर ऑपरेटरों की निलंबित करने के आदेश दिए थे. जिसे लेकर कम्प्यूटर ऑपरेटर संगठन द्वारा यूनियन के प्रदेश उपाध्यक अधीक सावन एवं जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में 30 मार्च को निलंबित ऑपरेटरों को बहाल करने हेतु आवेदन दिया था. उस पर भी आज दिनांक तक कोई निराकरण नहीं किया गया. जिससे सभी कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है.

**अपने आश्वासनों पर खरे नहीं उतर रहे** – कर्मचारियों ने ज्ञापन में लिखित आरोप लगाया है कि कलेक्टर लगातार अपने आश्वासनों पर खरे नहीं उतर रहे है. कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा कि 30 मार्च तक सूची निर्धारित स्थानों पर चस्पा करने का आश्वासन दिया गया था. लेकिन फिर भी सूची का प्रकाशन नहीं किया गया. जिला कलेक्टर द्वारा बार–बार दिये गये आश्वासनों में से एक बार भी खरे नहीं उतरे है. जिससे समस्त कर्मचारी नाराज हैं.

**ये मांगे रखीं कर्मचारी संगठन ने**

–पैक्स सहकारी संस्थाओं में कार्यरत समस्त सहायक समिति प्रबंधकों में से समिति प्रबंधकों के 60 प्रतिशत पदी पर पदौन्नति की प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण की जावे एवं पात्र–आपात्र सूची का प्रकाशन तत्काल किया जावे.

–पैक्स संस्थाओं के निलंबित आपरेटरों को तत्काल बहाल किया जावे.

–समस्त संस्था कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन का भुगतान किया जाये.

–जिन शाखाओं द्वारा विकेताओं को देय वेतन 10 हजार 500 के अलावा अतिरिक्त मानदेय राहिश का भुगतान नहीं किया है उन्हें तत्काल भुगतान करवाया जाये.

### कुरावर में जल संरक्षण एवं स्वच्छता गतिविधियां

**राजगढ़ 06 अप्रैल, का.** जिले में कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जनभागीदारी आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. इसी क्रम में नगर परिषद कुरावर में अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के तहत नगर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रमुख स्थानों पर प्याऊ स्थापित किए गए. साथ ही नगर परिषद द्वारा बड़े नालों की सघन साफ–सफाई अभियान चलाया गया, जिससे गंदे पानी का प्रवाह नियंत्रित हो और जल स्त्रोतों का प्रदूषण कम किया जा सके. इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण और जीव–जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुए नगर के विभिन्न स्थानों पर पशु–पक्षियों के लिए सकोरे एवं पानी से भरे कुंड रखे गए, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके. इस अभियान के माध्यम से प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है. आमजन को जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के लिए प्रेरित किया.

# झगड़े को लेकर फूंक दिए 4 बीघा के गेहूं

## किसान ने वीडियो बनाकर मांगी प्रशासन से मदद



नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 06 अप्रैल, का.** समीपस्थ ग्राम नरवेपुरा गांव में झगड़े के चलते एक किसान की 4 बीघा की फसल में आग लगा दी गई. चार बीघा गेहूं की कटाई के बाद खेत में ढेर कर रखी फसल जलने का मामला सामने आया है. किसान बिरम सिंह सौंधिया ने सोमवार को जले खेत से वीडियो बनाकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से न्याय की गुहार लगाई है. किसान का कहना है कि दो गांवों के झगड़े की आंच में उसकी सालभर की मेहनत राख हो गई. घटना के बाद तीन गांवों की पंचायत में 1 लाख रुपए देने का फैसला हुआ, लेकिन बाद में पैसे देने से इनकार कर दिया गया.

सोमवार को सामने आए वीडियो में किसान जले हुए गेहूं के ढेर दिखाते हुए मुख्यमंत्री से न्याय की मांग कर रहा है. वीडियो में किसान बिरम सिंह ने कहा कि झगड़े के विवाद चल रहे हैं और मेरी सारी फसल जला दी गई. अब मैं अपने घरवालों और मवेशियों को क्या खिलाऊंगा. आप इस पर सख्त कार्रवाई कराइए.

**कर्जा लेकर बोई थी गेहूं की फसल**– नरवेपुरा निवासी किसान बिरम सिंह ने बताया कि उसने कर्ज लेकर चार बीघा जमीन में गेहूं की फसल लगाई थी. इस बार फसल अच्छी आई थी, इसलिए उसे उम्मीद थी कि फसल बेचकर कर्ज चुका देगा और घर–परिवार का खर्च भी आसानी से चल जाएगा.

**तीन गांवों की पंचायत में 1 लाख का फैसला**–किसान ने बताया कि घटना के अगले दिन 4 अप्रैल को जब वह शिकायत करने खिलचीपुर थाने जा रहा था, तभी खुर्चनिया कला गांव के दूल्हे सिंह उसके पास पहुंचे और नुकसान की भरपाई करने की बात कही. इसके बाद नरवेपुरा गांव में पंचायत बैठाई गई. इस पंचायत में कांगनीखेड़ा, नरवेपुरा (लोधीपुरा) और खुर्चनिया कला गांव के पंच शामिल हुए. पंचायत में तय हुआ कि फसल जलने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए दूल्हे सिंह, किसान बिरम सिंह को 1 लाख रुपए देंगे.

इस दौरान पंचनामा भी बनाया गया, इसमें 40 हजार रुपए तुरंत भूसा खरीदने के लिए और 60 हजार रुपए एक महीने बाद देने का फैसला किया गया. किसान का कहना है कि पंचायत के बाद जब वह 40 हजार रुपए लेने गया तो दूल्हे सिंह ने पैसे देने से इनकार कर दिया और कहा कि वह किस किस के पैसे देगा.

### जिले में नलकूप खनन 30 जून तक प्रतिबंध

**राजगढ़ 06 अप्रैल, का.** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में कृषि/व्यावसायिक कार्य हेतु भू–जल स्त्रोतों को अतिदोहन होने से पेयजल स्त्रोतों/नलकूपों काजल स्तर तेजी से गिर रहा है. गिरते भू–जल स्तर के कारण ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना को देखते हुए जिले में नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है. यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नहीं लगाया तो ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है.

# खतरा बन रहे खुले विद्युत उपकरणों पर नहीं कोई ध्यान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 अप्रैल, का. नगर में घने आबादी वाले रहवासी क्षेत्रों में कई जगह विद्युत ट्रांसफार्मर खुले हुए है, जिसके कारण दुर्घटना का डर बना रहता है. ट्रांसफार्मर के आसपास सेफ्टी जाली नहीं होने से हर समय खतरा बना रहता है.**

गौरतलब है कि नगर में मौजूद ट्रांसफार्मर, केबल, पोल में फाल्ट होकर आग सुलगने की घटनाएं होती रहती है. जूना ब्यावरा में जैन मंदिर के यहां पुलिया के समीप मौजूद ट्रांसफार्मर का डीपी बॉक्स काफी नीचे की और है तथा इसके आसपास सेफ्टी जाली नहीं लगी हुई है, इसके ओपन होने से खतरा बना रहता है. पीपल चौराहा के सामने नपा कॉम्पलेक्स स्थित ट्रांसफार्मर, शासकीय कॉलेज के गेट के यहां ट्रांसफार्मर की जाली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है. सुठालिया रोड स्थित बुनियादी स्कूल के गेट के यहां मौजूद ट्रांसफार्मर सहित अन्य कई ट्रांसफार्मर के आसपास सेफ्टी जाली नहीं है.



**मैंटेनेंस के बाद भी फुंक रहे उपकरण**

विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा आये दिन शेड्यूल जारी कर मैंटेनेंस का कार्य किया जाता है, व्यापक स्तर पर मैंटेनेंस करने के बाद भी विद्युत उपकरणों में खराबी का दौर जारी है. अधिकतर ओपन ट्रांसफार्मर के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स जमीन से सटे हुए है, इनके आसपास सुरक्षा के मान से सेफ्टी जाली नहीं होने से मवेशी, जानवर यहां तक पहुंच जाते है.

रहवासी क्षेत्र होने से बच्चे भी आसपास खेलते रहते है, ऐसे में भय बना रहता है. जिस तरह से रहवासी क्षेत्र में इस तरह खुले तौर पर विद्युत उपकरण मौजूद है वहां पर सेफ्टि के लिए इनके आसपास फेंसिंग कर इन्हें सुरक्षित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में कभी कोई अनहोनी न हो तथा विद्युत उपकरण से सुरक्षा भी बनी रहे.

# ट्रैफिक इंचार्ज बने जूडो खिलाड़ी



नव भारत न्यूज

**ब्यावरा 06 अप्रैल, का.** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के बच्चों ने शहर में एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल करते हुए एक दिन के लिए ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी संभाली. इस दौरान बच्चों ने न केवल ट्रैफिक नियमों की जानकारी प्राप्त की, बल्कि सड़क पर उतरकर आम नागरिकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया. उन्होंने वाहनों को व्यवस्थित रूप से चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व को समझाने के साथ–साथ यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई. बच्चों का अनुशासन, जिम्मेदारी और सेवा भावना देखते ही बन रही थी. उनकी इस पहल ने शहरवासियों के बीच सकारात्मक संदेश फैलाया और लोगों ने उनकी जमकर सराहना की. यह पहल न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई, बल्कि समाज में नियमों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक सराहनीय कदम रही.

### 03 नाबालिगों को ढूंढा 02 आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़ 06 अप्रैल, का.** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा गंभीरता, संवेदनशीलता एवं उच्च स्तर की पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए 02 नाबालिग बालिकाओं एवं 01 नाबालिग बालक को सकुशल दस्तयाब कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है. थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र अजनारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना एवं लगातार दबिश के माध्यम से यह कार्यवाही की गई. फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है. जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी मांगीलाल तंवर द्वारा बालिका को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है.

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**नवभारत न्यूज, तलेन 06 अप्रैल, सं.** भाजपा तलेन मंडल के नेतृत्व में पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस मनाया गया. पार्टी के संस्थापक पितृ पुरुष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया. पार्टी के जवाबदारी कार्यकर्ताओं ने गांव–गांव जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. बूथों पर जाने वाले कार्यकर्ताओं में पूर्व मंडल महामंत्री नंदकिशोर शर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, कैलाश मोहन यादव, मानसिंह यादव, अवध उपाध्याय, पवन यादव, महेश, सुनील सहगल, जगदीश लववंशी, श्याम जाट, शैलू राणा, पप्पू अहिरवार आदि कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे.



**संरक्षण** ▶ जिले भर में जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाया स्वच्छता अभियान

# कुंओं, बावड़ियों और घाटों के संरक्षण को लेकर जुटे लोग



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 06 अप्रैल, सं.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा छापीश्वर महादेव मंदिर छापी नदी घाट की साफ–सफाई की गई. ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बांगपुरा अन्य समितियां के सदस्यों द्वारा घाट पर हो रही गंदगी को श्रमदान कर साफ सफाई की गई. जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण जरूरी है द्य उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जल स्त्रोतों के प्रति हमारी कृतज्ञता और भविष्य को सुरक्षित करने का एक जन–आंदोलन है. भारतीय संस्कृति में नदियों और जल स्त्रोतों को गंगा के समान पवित्र माना गया है. इसी भावना को पुनर्जीवित करने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई है. क्योंकि पानी का कोई विकल्प नहीं है. यदि हम आज अपनी जीवनशैली में बदलाव नहीं करेंगे और जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से नहीं बचाएंगे, तो अगला विश्व युद्ध पानी के लिए ही होगा. इसलिए हमें बूंद–बूंद संचय को अपना मूल मंत्र बनाना होगा. इस अवसर पर समन्वयक बीरम सिंह परमार अखिलेश इंदर सिंह चौहान, अरुण कुमार सिंगी, आसपास की समितियां के सदस्य उपस्थित रहे.

### ब्यावरा में अजनार नदी का शुद्धीकरण एवं सौंदर्यीकरण

**राजगढ़ 06 अप्रैल, का.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अजनार नदी का शुद्धीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य जिले में शुरू किया गया है. नगर से होकर बहने वाली अजनार नदी, जो मलावर के पास से राजस्थान की बड़ी नदी में मिलती है, कई नालों के मिलने के कारण दूषित हो गई थी. आगामी दो महीनों तक नगरवासियों द्वारा सामूहिक श्रमदान के माध्यम से नदी की सफाई की जा रही हैं. नागरिकों को नदी में कचरा और गंदे कपड़े न फेंकने के लिए जागरूक भी किया जा रहा हैं. इसके साथ ही नगर पालिका ब्यावरा द्वारा मशीनरी के जरिए नदी का गहरीकरण कार्य कराया जा रहा हैं. साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधि भी जनता को इस पहल में भाग लेने हेतु प्रेरित कर रहे हैं. नदी में दूषित जल को रोकने के लिए स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत 1462 लाख रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा. नगर के सभी नालों का पानी प्लांट में भेजा जाएगा और शुद्ध पानी अजनार नदी में छोड़ा जाएगा.



# गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाने कांग्रेस ने ज्ञापन दिया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 अप्रैल, का. ब्यावरा ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस द्वारा किसानों की गेहूं खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में बंद किए आवेदन शुरू करवाने को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया.**

ज्ञापन में मांग की गई कि विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है, प्रदेश की पूरी जनता कृषि एवं किसान पर आश्रित है. किसान गेहूं की फसल निकालकर सरकार की खरीदी का इंतजार कर रहा है. वर्तमान में विवाह का समय चल रहा है और अगली फसल की तैयारी में किसान अपनी फसल को सस्ते दामों में बेचने को मजबूर है, जबकि सरकार को किसानो व आमजनों की समस्या से कोई लेना देना नहीं है. हमारे पड़ोसी राज्य राजस्थान में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2735 है जबकि मध्य प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2625 रुपए है.

मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में पूरे जिले में सिर्फ 200 जोड़े लेने का प्रावधान किया है, योजना में लाभार्थी का बीपीएल राशन कार्ड को अनिवार्य किया है, गेहूं खरीदी में न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में बंद किए आवेदन शुरु करने की मांग की गई. ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. भारत वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, विष्णुदेव शास्त्री, जिला पंचायत सदस्य विश्वनाथ दांगी, चेनसिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, राजकुमार जाट गादिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन अरोरा, पार्षद पूनम मेवाड़े, ज्ञानु विजयवर्गीय, कैलाश कुशवाह, महेंद्र सिलावट, फूल सिंह वर्मा, विजय गुर्जर, लक्की दांगी, विष्णु गुर्जर, जगदीश सेन, संजय बंसल, राजू वर्मा, पुष्पेंद्र पाराशर, दुर्गा शाक्यवार, राधेश्याम धनगर, घनश्याम वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.